भारत सरकार
भारी उद्योग एवं लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं.1410
रविवार,20सितम्बर, 2020 को उत्तर के लिए नियत

न्यूजप्रिंट उद्योग का पुनरुद्धार

1410. श्री थोमस चाज़िकाडन:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को जानकारी है कि सरकारी क्षेत्र के अंतर्गत हिंदुस्तान न्यूज़प्रिंट लिमिटेड एचएनएल केरल में कई न्यूजप्रिंट उद्योग रुग्ण हो गए हैं या परिसमापन के अधीन हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और संबंधित राज्यों के क्या नाम हैं तथा प्रत्येक उद्योग में उद्योग-वार कर्मचारियों की संख्या कितनी है;

(ग) क्या सरकार को इन उद्योगों के पुनरुद्धार करने के लिए अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं और यदि हां, तो सरकार ने इन उद्योगों के पुनरुद्धार, विशेषरूप से केरल एचएनएल के विशेष संदर्भ में क्या कदम उठाए हैं;

(घ) क्या केरल राज्य सरकार से एचएनएल को अधिग्रहित करने के लिए कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) एचएनएल केरल जो कि पूर्व में एक नवरत्न कंपनी थी और गत 24 माह से जिसके पंद्रह सौ कर्मचारियों को वेतन नहीं दिया जा रहा है, के पुनरुद्धार के लिए सरकार द्वारा कदम उठाए गए हैं?

भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री
(श्री प्रकाश जावड़ेकर)

(क) से (ङ): केरल राज्य में स्थित, हिंदुस्तान न्यूजप्रिंट लिमिटेड जो केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है की स्थापना न्यूजप्रिंट के विनिर्माण के लिए की गई थी, और अब यह राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण, कोच्चिपीठ में कार्पोरेट शोधन अक्षमता समाधान प्रक्रिया से गुजर रहा है। हिंदुस्तान न्यूजप्रिंट लिमिटेड के मामलों को देखने के लिए एनसीएलटी, कोच्चि द्वारा एक समाधान पेशेवर (आरपी) की नियुक्ति की गई है। समाधान पेशेवर ने समाधान योजनाएं प्राप्त

करने के इच्छुकों से उनकी रूचि की अभिव्यक्ति मांगी थी, जिसकी अंतिम तारीख 07.09.2020 थी।

इसके अतिरिक्त, हिंदुस्तान पेपर कॉर्पोरेशन लिमिटेड जो एचएनएल की मूल कंपनी है, एक केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है और असम में स्थित है यह एनसीएलटी, नई दिल्ली और राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण के दिशानिर्देशों पर फिलहाल शोधन अक्षमता और दिवालियापन कोड(आईबीसी), 2016 का सामना कर रही है। एनसीएलटी, नई दिल्ली द्वारा एचपीसी के लिए नियुक्त परिसमापक कानून के उपबंधों के अनुसार प्रक्रिया का प्रबंधन कर रहा है।

*****